दिल्ली बजट विश्लेषण

2025-26

दिल्ली की मुख्यमंत्री सुश्री रेखा गुप्ता ने 25 मार्च, 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया।

बजट के मुख्य अंश

- 2025-26 में **व्यय (ऋण चुकौती को छोड़कर)** 95,358 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 48% अधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य द्वारा 4,642 करोड़ रुपए का ऋण चुकाया जाएगा।
- 2025-26 के लिए **प्राप्तियां (उधारियों को छोड़कर)** 81,655 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 29% अधिक है।
- 2025-26 में **राजस्व अधिशेष** 9,661 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमानों (8,314 करोड़ रुपए) से 16% अधिक है।
- 2025-26 के लिए **राजकोषीय घाटा** 13,703 करोड़ रुपए अनुमानित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (1,524 करोड़ रुपए) से 799% अधिक है। 2022-23 में दिल्ली ने राजकोषीय अधिशेष (जीएसडीपी का 0.4%) दर्ज किया था।

नीतिगत विशिष्टताएं

- **महिलाओं को नकद अंतरण**: दिल्ली की गरीब महिलाओं को 2,500 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए महिला समृद्धि योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के लिए 5,100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
- **स्वास्थ्य बीमा**: राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू की जाएगी। योजना के बीमा घटक के तहत, लाभार्थियों को मौजूदा कवरेज के अलावा पांच लाख रुपए का अतिरिक्त कवरेज मिलेगा। आयुष्मान भारत के लिए 2,144 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
- **व्यापारी**: व्यापारियों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए एक व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाएगी।
- **सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि**: संकटग्रस्त महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता 2,500 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रति माह की जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सहायता में भी वृद्धि की जाएगी।
- **यमुना नदी की सफाई**: यमुना नदी की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपए की कुल लागत से 40 विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स स्थापित किए जाएंगे। परिचालन क्षमता में सुधार के लिए मौजूदा ट्रीटमेंट प्लांट्स को भी अपग्रेड किया जाएगा।
- **स्कूली शिक्षा**: कक्षा 9 से 12 तक के 7,000 क्लासरूम में स्मार्ट क्लासरूम बनाए जाएंगे। इनमें प्रोजेक्टर, ऑडियो-विजुअल एड्स और इंटरनेट कनेक्टिविटी होगी। इसके अलावा, पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर 60 सीएम श्री स्कूल स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

शिरीन पजनू
shirin@prsindia.org

31 मार्च, 2025

दिल्ली की अर्थव्यवस्था

- **जीएसडीपी**: 2023-24 में दिल्ली की जीएसडीपी (स्थिर मूल्यों पर) पिछले वर्ष की तुलना में 7.4% बढ़ने का अनुमान है। इसकी तुलना में 2023-24 में भारत की जीडीपी 9.2% बढ़ने का अनुमान है।
- **क्षेत्र**: 2023-24 में कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों का दिल्ली की अर्थव्यवस्था में क्रमशः 2%, 13% और 85% योगदान होने का अनुमान है (मौजूदा कीमतों पर)।
- **प्रति व्यक्ति जीएसडीपी**: 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति जीएसडीपी (मौजूदा कीमतों पर) 5,12,131 रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 2022-23 की तुलना में 7% की वृद्धि है। 2023-24 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2022-23 की तुलना में 11% बढ़कर 2,15,935 रुपए होना अनुमानित है।

रेखाचित्र 1: दिल्ली में स्थिर मूल्यों पर (2011-12) जीएसडीपी



नोट: ये आंकड़े स्थिर मूल्यों (2011-12) के अनुसार हैं, जिसका अर्थ है कि विकास दर को मुद्रास्फीति के लिए समायोजित किया गया है। स्रोत: एमओएसपीआई; पीआरएस।

2025-26 के लिए बजट अनुमान

- 2025-26 में 95,358 करोड़ रुपए के कुल व्यय (ऋण चुकौती को छोड़कर) का लक्ष्य है। यह 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 48% की वृद्धि है। यह व्यय 81,655 करोड़ रुपए की **प्राप्तियों (उधारियों को छोड़कर)** और 10,738 करोड़ रुपए की शुद्ध उधारी के माध्यम से पूरा किया जाना प्रस्तावित है। 2025-26 के लिए कुल प्राप्तियों (उधारों के अलावा) में 2024-25 के संशोधित अनुमान (63,062 करोड़ रुपए) की तुलना में 29% की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है।
- 2025-26 में **राजस्व अधिशेष** 9,661 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (8,314 करोड़ रुपए) से 16% अधिक है।
- वर्ष 2025-26 के लिए **राजकोषीय घाटा** 13,703 करोड़ रुपए अनुमानित है जो वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान (1,524 करोड़ रुपए) से 799% अधिक है।

तालिका 1: बजट 2025-26- मुख्य आंकड़े (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
कुल व्यय	65,824	76,000	69,500	-9%	1,00,000	44%
(-) ऋण का पुनर्भुगतान	4,994	4,914	4,914	0%	4,642	-6%
शुद्ध व्यय (E)	**60,830**	**71,086**	**64,586**	**-9%**	**95,358**	**48%**
कुल प्राप्तियां	56,896	74,521	67,042	-10%	97,035	45%
(-) उधारियां	0	10,000	3,980	-60%	15,380	286%
शुद्ध प्राप्तियां (R)	**56,896**	**64,521**	**63,062**	**-2%**	**81,655**	**29%**
राजकोषीय घाटा (E-R)	**3,934**	**6,565**	**1,524**	**-77%**	**13,703**	**799%**
जीएसडीपी का %	0.4%	-	-	-	-	-
राजस्व अधिशेष	**6,462**	**3,231**	**8,314**	**157%**	**9,661**	**16%**
जीएसडीपी का %	0.6%	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
प्राथमिक घाटा	**840**	**3,899**	**-1,142**	**-129%**	**11,457**	**-1103%**
जीएसडीपी का %	0.1%	-	-	-	-	-
जीएसडीपी*	**11,07,746**	-	-	-	-	-

नोट: बअ का अर्थ बजट अनुमान है; संअ का अर्थ संशोधित अनुमान है। *2024-25 और 2025-26 के लिए बजट चरण में और 2024-25 के लिए संशोधित चरण में जीएसडीपी के अनुमान उपलब्ध नहीं हैं। स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, दिल्ली बजट दस्तावेज 2025-26; पीआरएस।

2025-26 में व्यय

- 2025-26 के लिए **राजस्व व्यय** 71,885 करोड़ रुपए प्रस्तावित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (54,706 करोड़ रुपए) से 31% अधिक है। इसमें वेतन, पेंशन, ब्याज और सब्सिडी पर खर्च शामिल है।
- **पूंजीगत परिव्यय** परिसंपत्तियों के निर्माण पर व्यय को दर्शाता है। 2025-26 के लिए पूंजीगत परिव्यय 17,224 करोड़ रुपए प्रस्तावित है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान (4,857 करोड़ रुपए) से 255% अधिक है। यह निम्नलिखित के लिए पूंजीगत परिव्यय पर बढ़े हुए आवंटन के कारण है: (i) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण (2024-25 में संशोधित अनुमानों से 2,717 करोड़ रुपए अधिक), (ii) सड़कें और पुल (2,007 करोड़ रुपए) और, (iii) शिक्षा (1,185 करोड़ रुपए)।
- वर्ष 2025-26 में राज्य द्वारा ऋण और अग्रिम राशि (एडवांस) 6,250 करोड़ रुपए होने की उम्मीद है जो वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान (5,023 करोड़ रुपए) की तुलना में 24% अधिक है।

दिल्ली परिवहन निगम को सहायतानुदान

कैग रिपोर्ट (2022) के अनुसार, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) का संचयी घाटा 2015-16 में 25,300 करोड़ रुपए से बढ़कर 2021-22 में 60,741 करोड़ रुपए हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-22 में डीटीसी को 8,498 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। यह घाटा मुख्य रूप से 1996-97 और 2010-11 के बीच दिल्ली सरकार द्वारा दिए गए ऋणों पर भारी ब्याज के बोझ के कारण हुआ। 2022 तक, ऐसे ऋणों पर 47,800 करोड़ रुपए का संचयी ब्याज 2011-12 से नहीं चुकाया गया था।

2021-22 में डीटीसी को अपने घाटे को पूरा करने के लिए 2,320 करोड़ रुपए का राजस्व अनुदान मिला। यह घाटा ब्याज भुगतान को छोड़कर नुकसान है। 2025-26 में दिल्ली सरकार द्वारा कार्यकारी घाटे को पूरा करने के लिए डीटीसी को 2,000 करोड़ रुपए का अनुदान दिए जाने का अनुमान है।

तालिका 2: बजट 2025-26 में व्यय (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
राजस्व व्यय	50,335	60,911	54,706	-10%	71,885	31%
पूंजीगत परिव्यय	6,855	5,919	4,857	-18%	17,224	255%
राज्य द्वारा दिए गए ऋण	3,639	4,256	5,023	18%	6,250	24%
शुद्ध व्यय	**60,830**	**71,086**	**64,586**	**-9%**	**95,358**	**48%**

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, दिल्ली बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

प्रतिबद्ध व्यय: राज्य के प्रतिबद्ध व्यय में आम तौर पर वेतन, पेंशन और ब्याज के भुगतान पर व्यय शामिल होता है। बजट के एक बड़े हिस्से को प्रतिबद्ध व्यय की मदों के लिए आवंटित करने से पूंजीगत परिव्यय जैसी अन्य व्यय प्राथमिकताओं पर फैसला लेने का राज्य का लचीलापन सीमित हो जाता है। 2025-26 में दिल्ली द्वारा ब्याज भुगतान और पेंशन पर 2,252 करोड़ रुपए खर्च करने का अनुमान है, जो इसकी अनुमानित राजस्व प्राप्तियों का 3% है। बजट में वेतन के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

कैग (2022) के अनुसार, 2019-20 में दिल्ली सरकार ने अपनी राजस्व प्राप्तियों का 29% प्रतिबद्ध व्यय के लिए खर्च किया। 2019-20 में वेतन पर व्यय 11,070 करोड़ रुपए (राजस्व प्राप्तियों का 23%) था।

तालिका 3: 2025-26 में प्रतिबद्ध व्यय (करोड़ रुपए में)

प्रतिबद्ध व्यय	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
पेंशन	4	3	5	67%	6	20%
ब्याज	3,094	2,666	2,666	0%	2,246	-16%
कुल	**3,098**	**2,669**	**2,671**	**0%**	**2,252**	**-16%**

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, दिल्ली बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

क्षेत्रवार व्यय: 2025-26 के दौरान दिल्ली के बजटीय व्यय का **75%** हिस्सा निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए खर्च किया जाएगा। अनुलग्नक 1 में प्रमुख क्षेत्रों में दिल्ली के व्यय की तुलना, अन्य राज्यों से की गई है।

तालिका 4: दिल्ली बजट 2025-26 में क्षेत्रवार व्यय (करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	2023-24 वास्तविक	2024-25 बअ	2024-25 संअ	2025-26 बअ	संअ 24-25 से बअ 25-26 से परिवर्तन का %	बजटीय प्रावधान (2025-26)
शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति	14,681	16,146	15,924	19,039	20%	▪ माध्यमिक शिक्षा के लिए 12,732 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	7,555	8,685	8,519	12,894	51%	▪ प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन शुरू करने के लिए 1,667 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
परिवहन	9,129	6,865	6,535	10,677	63%	▪ दिल्ली परिवहन निगम को उनके कार्यकारी घाटे के वित्तपोषण के लिए राजस्व अनुदान के रूप में 2,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
सामाजिक कल्याण एवं पोषण	3,969	6,437	4,438	10,232	131%	▪ महिला समृद्धि योजना के लिए 5,110 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
जलापूर्ति और स्वच्छता	1,828	3,442	1,589	4,917	209%	▪ दिल्ली जल बोर्ड को पूंजीगत परियोजनाओं के लिए अनुदान के रूप में 2,050 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
ऊर्जा	3,272	3,350	3,648	3,843	5%	▪ उपभोक्ताओं को बिजली सबसिडी के लिए 3,600 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
शहरी विकास	2,211	4,290	2,316	3,213	39%	▪ अमृत 2.0 के अंतर्गत स्थानीय निकायों को अनुदान हेतु 609 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
ग्रामीण विकास	168	922	192	1,024	434%	▪ गांवों के एकीकृत विकास के लिए ग्राम बोर्ड हेतु 999 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	335	302	397	581	46%	▪ जल निकासी के लिए 475 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
पुलिस	162	338	114	425	274%	▪ फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्रीज़ के लिए 183 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।
सभी क्षेत्रों पर कुल व्यय का %	**76%**	**76%**	**73%**	**75%**		

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, दिल्ली बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

2025-26 में प्राप्तियां

- 2025-26 के लिए **कुल राजस्व प्राप्तियां** 81,546 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 29% अधिक है। इसमें से 69,450 करोड़ रुपए (85%) राज्य **अपने संसाधनों से** जुटाएगा और 12,096 करोड़ रुपए (15%) **केंद्र से** प्राप्त होंगे। केंद्र से संसाधन केंद्रीय अनुदान के रूप में मिलेंगे।
- 2025-26 में **केंद्रीय अनुदान** 12,096 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 276% अधिक है। 2025-26 में, दिल्ली को पूंजीगत व्यय के लिए 6,000 करोड़ रुपए का केंद्रीय अनुदान मिलने का अनुमान है, जिसका पिछले वर्षों में अनुमान नहीं लगाया गया था। 2024-25 के संशोधित अनुमानों की तुलना में, केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत 2,239 करोड़ रुपए का बढ़ा हुआ अनुदान प्राप्त करने का भी बजट है। संशोधित अनुमानों के अनुसार, 2024-25 में केंद्रीय अनुदान बजट से 27% कम होने का अनुमान है। यह सीएसएस अनुदान में 1,335 करोड़ रुपए की अनुमानित कमी के कारण हो सकता है।

- **राज्य का स्वयं कर राजस्व**: दिल्ली का कुल स्वयं कर राजस्व 2025-26 में 68,700 करोड़ रुपए होने का अनुमान है जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 16% अधिक है। जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में स्वयं कर राजस्व 2023-24 में 4.8% अनुमानित है।

तालिका 5: राज्य सरकार की प्राप्तियों का ब्रेकअप (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
राज्य के स्वयं कर	53,681	58,750	59,200	1%	68,700	16%
राज्य के स्वयं गैर कर	1,024	1,000	600	-40%	750	25%
केंद्र से अनुदान	2,093	4,392	3,219	-27%	12,096	276%
राजस्व प्राप्तियां	**56,798**	**64,142**	**63,019**	**-2%**	**81,546**	**29%**
गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां	98	379	42	-89%	109	160%
शुद्ध प्राप्तियां	**56,895**	**64,520**	**63,061**	**-2%**	**81,655**	**29%**

नोट: स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, दिल्ली बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

- 2025-26 में **राज्य जीएसटी** स्वयं कर राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत (राजस्व प्राप्तियों का 50%) होने का अनुमान है। 2024-25 के संशोधित अनुमानों की तुलना में राज्य जीएसटी राजस्व में 15% की वृद्धि का अनुमान है।
- 2025-26 में बिक्री कर/वैट से राजस्व 2024-25 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 11% अधिक होने की उम्मीद है।

राज्य उत्पाद शुल्क से राजस्व में 25% की वृद्धि होगी

2023-24 में राज्य उत्पाद शुल्क से वास्तविक राजस्व बजट अनुमान से 30% कम था। 2025-26 में राज्य उत्पाद शुल्क से संग्रह 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 25% अधिक होने का अनुमान है। कैग रिपोर्ट (2024) के अनुसार, दिल्ली में आबकारी नीति के कार्यान्वयन से 2021-22 में लगभग 2,003 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ।

तालिका 6: राज्य के स्वयं कर राजस्व के मुख्य स्रोत (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजटीय	2024-25 संशोधित	बअ 24-25 से संअ 24-25 में परिवर्तन का %	2025-26 बजटीय	संअ 24-25 से बअ 25-26 मे परिवर्तन का %
राज्य जीएसटी	31,571	34,000	35,499	4%	41,000	15%
सेल्स टैक्स/वैट	6,551	7,000	7,200	3%	8,000	11%
स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क	7,152	7,750	7,600	-2%	9,000	18%
वाहन कर	3,242	3,600	3,300	-8%	3,700	12%
राज्य उत्पाद शुल्क	5,164	6,400	5,600	-13%	7,000	25%
जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान	1,138	-	363	-	-	-

स्रोत: वार्षिक वित्तीय विवरण, राजस्व बजट, दिल्ली बजट दस्तावेज़ 2025-26; पीआरएस।

डिस्क्लेमर: प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह सारांश मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार किया गया था। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी के मूल सारांश से इसकी पुष्टि की जा सकती है।

अनुलग्नक 1: मुख्य क्षेत्रों में राज्य के व्यय की तुलना

निम्नलिखित रेखाचित्रों में छह मुख्य क्षेत्रों में अन्य राज्यों के औसत व्यय के अनुपात में दिल्ली के कुल व्यय की तुलना की गई है। क्षेत्र के लिए औसत, उस क्षेत्र में 31 राज्यों (दिल्ली सहित) द्वारा किए जाने वाले औसत व्यय (2024-25 के बजटीय अनुमानों के आधार पर) को इंगित करता है।[1]

- **शिक्षा**: दिल्ली ने 2025-26 में अपने व्यय का 21.4% शिक्षा पर आवंटित किया है। यह 2024-25 में राज्यों द्वारा शिक्षा के लिए औसत आवंटन (15%) से काफी अधिक है। हालांकि, कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में व्यय 2024-25 के संशोधित अनुमान (26.7%) से कम होने का अनुमान है।
- **स्वास्थ्य**: दिल्ली ने 2025-26 में अपने व्यय का 14.5% स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में राज्यों द्वारा स्वास्थ्य के लिए औसत आवंटन (6.2%) से काफी अधिक है।
- **शहरी विकास**: दिल्ली ने 2025-26 में अपने व्यय का 3.6% शहरी विकास के लिए आवंटित किया है। यह 2024-25 में राज्यों द्वारा शहरी विकास के लिए औसत आवंटन (3.3%) से थोड़ा अधिक है।
- **सड़कें और पुल**: दिल्ली ने 2025-26 में सड़कों और पुलों के लिए अपने व्यय का 4.3% आवंटित किया है। यह 2024-25 में राज्यों द्वारा सड़कों और पुलों के लिए औसत आवंटन (4.3%) के समान है।
- **जलापूर्ति और स्वच्छता**: दिल्ली ने 2025-26 में जल आपूर्ति और स्वच्छता के लिए अपने व्यय का 5.5% आवंटित किया है। यह 2024-25 में राज्यों द्वारा औसत आवंटन (2.5%) से अधिक है।
- **ऊर्जा**: दिल्ली ने 2025-26 में ऊर्जा पर अपने व्यय का 4.3% आवंटित किया है। यह 2024-25 में राज्यों द्वारा ऊर्जा के लिए औसत आवंटन (5%) से कम है।

कुल बजट में शिक्षा पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में स्वास्थ्य पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में शहरी विकास पर व्यय का प्रतिशत



[1] 31 राज्यों में दिल्ली, जम्मू एवं कश्मीर और पुदुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

कुल बजट में सड़क और पुलों पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में जलापूर्ति एवं स्वच्छता पर व्यय का प्रतिशत



कुल बजट में ऊर्जा पर व्यय का प्रतिशत



नोट: 2023-24, 2024-25 (बअ), 2024-25 (संअ), और 2025-26 (बअ) के आंकड़े दिल्ली के हैं।
स्रोत: वार्षिक वित्तीय वक्तव्य, दिल्ली बजट दस्तावेज 2025-26; विभिन्न राज्य बजट; पीआरएस।

अनुलग्नक 2: 2023-24 के बजटीय अनुमानों और वास्तविक के बीच तुलना

यहां तालिकाओं में 2023-24 के वास्तविक के साथ उस वर्ष के बजटीय अनुमानों के बीच तुलना की गई है।

तालिका 7: प्राप्तियों और व्यय की झलक (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 बअ	2023-24 वास्तविक	बअ से वास्तविक में परिवर्तन का %
शुद्ध प्राप्तियां (1+2)	**63,374**	**56,896**	**-10%**
1. राजस्व प्राप्तियां (क+ख+ग+घ)	62,752	56,798	-9%
क. स्वयं कर राजस्व	53,565	53,681	0%
ख. स्वयं गैर कर राजस्व	1,050	1,024	-2%
ग. केंद्रीय करों में हिस्सा	-	-	-
घ. केंद्र से सहायतानुदान	8,137	2,093	-74%
2. गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां	622	98	-84%
3. उधारियां	10,000	0	-100%
शुद्ध व्यय (4+5+6)	**73,759**	**60,830**	**-18%**
4. राजस्व व्यय	56,983	50,335	-12%
5. पूंजीगत परिव्यय	11,189	6,855	-39%
6. ऋण और अग्रिम	5,587	3,639	-35%
7. ऋण पुनर्भुगतान	5,040	4,994	-1%
राजस्व अधिशेष	**5,769**	**6,462**	**12%**
राजकोषीय घाटा	**10,385**	**3,934**	**-62%**

स्रोत: विभिन्न वर्षों के दिल्ली बजट दस्तावेज; पीआरएस।

तालिका 8: राज्य के स्वयं कर राजस्व के घटक (करोड़ रुपए में)

मद	2023-24 बअ	2023-24 वास्तविक	बअ से वास्तविक में परिवर्तन का %
भूराजस्व	3	0	-99%
राज्य उत्पाद शुल्क	7,365	5,164	-30%
राज्य जीएसटी	31,500	31,571	0%
वाहन कर	3,000	3,242	8%
सेल्स टैक्स/वैट	5,700	6,551	9%
स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क	5,997	7,152	19%

स्रोत: विभिन्न वर्षों के दिल्ली बजट दस्तावेज; पीआरएस।

तालिका 9: मुख्य क्षेत्रों के लिए आवंटन (करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	2023-24 बअ	2023-24 वास्तविक	बअ से वास्तविक में परिवर्तन का %
पुलिस	398	162	-59%
एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक कल्याण	285	122	-57%
शहरी विकास	4,455	2,211	-50%
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	603	335	-44%
जलापूर्ति एवं स्वच्छता	2,866	1,828	-36%
कृषि और संबद्ध गतिविधियां	313	242	-23%
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	9,742	7,555	-22%
सामाजिक कल्याण एवं पोषण	4,794	3,969	-17%
शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति	16,574	14,681	-11%
ऊर्जा	3,348	3,272	-2%
परिवहन	8,481	9,129	8%
जिनमें से सड़कें और पुल	*3,126*	*2,764*	*-12%*
आवास	240	260	8%
ग्रामीण विकास	152	168	11%

स्रोत: विभिन्न वर्षों के दिल्ली बजट दस्तावेज; पीआरएस।